# बदहाल सड़क से बच्चों को स्कूल जाने में परेशानी

## कनारी-दरबारी टोला मार्ग 2 .3 किमी, प्राथमिकता सूची में दूसरे क्रम पर, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में सड़क स्वीकृत, तो निर्माण कब?

**उगली नवभारत। सिवनी जिले के जनपद पंचायत केवलारी अंतर्गत ग्राम पंचायत कनारी अंतर्गत कनारी से दरबारी टोला तक जाने वाली करीब 2.3 किलोमीटर सड़क इन दिनों ग्रामीणों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है। सड़क की हालत इतनी खराब हो चुकी है,कि इस मार्ग पर आवागमन करना मुश्किल हो गया है। खासकर दरबारी टोला से कनारी की ओर स्कूल आने-जाने वाले बच्चों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कई बच्चे खराब रास्ते के कारण पैदल आने-जाने को मजबूर हैं।**

ग्रामीणों के अनुसार इस सड़क के निर्माण को लेकर लंबे समय से मांग की जा रही है। वहीं



प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई)- आईवी की ब्लॉकवार प्राथमिकता सूची में कनारी से दरबारी टोला मार्ग दर्ज है। दस्तावेज में मार्ग की लंबाई 2.3 किलोमीटर तथा प्राथमिकता क्रम दूसरा दर्ज दिखाई दे रहा है। इसके बावजूद सड़क का निर्माण धरातल पर शुरू नहीं होने से ग्रामीणों में नाराजगी है।

### बच्चों को स्कूल जाने में सबसे ज्यादा परेशानी

दरबारी टोला निवासी अशोक गौतम ने सड़क की समस्या को लेकर कहा कि गांव की मुख्य समस्या यही सड़क है। उन्होंने बताया कि बच्चों को स्कूल जाने के लिए पैदल चलना पड़ता है और खराब सड़क के कारण उन्हें काफी परेशानी होती है। बारिश के दिनों में रास्ते की स्थिति और भी खराब हो जाती है। कनारी से दरबारी टोला मार्ग प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की प्राथमिकता सूची में दर्ज होने के बावजूद निर्माण कार्य शुरू नहीं होने पर ग्रामीणों का सीधा सवाल है कि जब सड़क को लेकर प्रक्रिया आगे बढ़ चुकी है और जनप्रतिनिधियों की ओर से भी आश्वासन मिल चुका है, तो आखिर निर्माण कार्य कब शुरू होगा? ग्रामीण अब आश्वासन से आगे बढ़कर सड़क निर्माण की स्पष्ट समय-सीमा और मौके पर काम शुरू होने की उम्मीद कर रहे हैं। उनका कहना है, कि करीब 2.3 किलोमीटर सड़क के लिए उन्हें वर्षों से इंतजार करना पड़ रहा है, जबकि खराब रास्ते का सबसे अधिक खामियाजा स्कूली बच्चों और रोजाना आने-जाने वाले ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है।

### पूर्व विधायक बोले, मेरे समय में हो चुका था सेक्शन

ग्रामीणों का कहना है कि सड़क निर्माण का मुद्दा नया नहीं है। पूर्व विधायक राकेश पाल सिंह ने अपने कार्यकाल के दौरान सड़क को लेकर ग्रामीणों को आश्वासन दिया था। हनुमान मंदिर के पास आयोजित सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा था,कि आपके गांव की सड़क बनवाऊंगा। पूर्व विधायक का कहना रहा है, कि उनके कार्यकाल में सड़क का सेक्शन हो चुका था। लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि समय बीतने के बावजूद सड़क निर्माण का काम शुरू नहीं हुआ और आज भी उन्हें उसी खराब रास्ते से आवागमन करना पड़ रहा है।

### वर्तमान विधायक से भी मिला आश्वासन

वहीं वर्तमान विधायक रजनीश सिंह ठाकुर की ओर से भी ग्रामीणों को सड़क निर्माण को लेकर आश्वासन दिए जाने की बात सामने आई है। अब ग्रामीणों की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि आखिर यह आश्वासन कब जमीन पर दिखाई देगा और सड़क निर्माण कब शुरू होगा।

### इनका कहना है .



उक्त सड़क ना विधायक निधि से बन पाएगी ना ही ग्राम पंचायत स्तर से यह सड़क पीडब्ल्यूडी के अंतर्गत बन पाना ही संभव है,जिसके लिए हमारे द्वारा प्रयास किया जा रहा है और उच्च अधिकारियों को इसकी जानकारी दे दी गई है, इस आधार पर शीघ्र सड़क निर्माण किया जाएगा और ग्रामीण सुचारू रूप से अपने ग्राम में सड़क का लाभ ले पाएंगे।

**रजनीश सिंह ठाकुर, विधायक केवलारी**

# जुन्नारदेव में गणेश उत्सव को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक संपन्न



**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा/जुन्नारदेव, 12 सितंबर, आगामी श्री गणेश उत्सव को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से मनाने के लिए जुन्नारदेव थाना परिसर में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया है।**

गणेश उत्सव को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण और सुरक्षित माहौल में संपन्न कराए जाने को लेकर एसडीओपी सोनम पाटिल की अध्यक्षता में नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सालोडे, थाना प्रभारी जागोतिन मसराम सहित बैठक में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, राजनीतिक परियों के नेताओं और विभिन्न गणेश पंडाल समितियों के अध्यक्ष व सदस्यों ने बड़ी संख्या में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। व्यवस्था बनाने के लिए नगर पालिका और बिजली विभाग को निर्देशित किया गया है। बैठक के दौरान पुलिस अधिकारियों ने शासन द्वारा जारी गाइडलाइन का हवाला देते हुए स्पष्ट किया कि उत्सव के दौरान सुरक्षा और शांति व्यवस्था सर्वोपरि है। पंडालों के निर्माण, ध्वनि विस्तारक यंत्रों (लाउडस्पीकर) के उपयोग, और विसर्जन जुलूस के दौरान नियमों का सख्ती से पालन किया जाना अनिवार्य है। अधिकारियों ने समिति के सदस्यों से आग्रह किया कि वे प्रशासन द्वारा तय किए गए दिशा-निर्देशों का पूरी तरह से पालन करें ताकि किसी भी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके।

## एक नजर में

### ओम कला केन्द्र का 17 सितंबर से नए बैच में प्रवेश




**सिवनी।** महिलाओं को हुनरमंद बनाकर उन्हें रोजगार और स्वरोजगार से जोडने् के उद्देश्य से ओम कला केन्द्र द्वारा सिलाई एवं ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण के नए बैच प्रारंभ किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर से सिवनी के आधुनिक कॉलोनी क्षेत्र में प्रशिक्षण के लिए नवीन प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ होगी। इच्छुक अभ्यर्थियों से समय पर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करने की अपील की गई है। ओम कला केन्द्र के अनुसार संस्था पिछले 24 वर्षों सेमहिलाओं को रोजगारमूलक प्रशिक्षण देने का कार्य कर रही है। संस्था का उद्देश्य बिना किसी शासकीय मदद के महिलाओं को प्रशिक्षण देकर उन्हें अपने पैरों पर खड़ा होने और आत्मनिर्भर बनने के लिए सक्षम बनाना है।

### संचालक कृषि भार्गव ने किया फसलों एवं कृषि गतिविधियों का निरीक्षण

**सिवनी।** संचालक, किसान कल्याण तथा कृषि विकास मध्यप्रदेश भोपाल श्री उमाशंकर भार्गव ने 12 सितंबर को सिवनी जिले का भ्रमण कर विभिन्न ग्रामों में फसलों की स्थिति, दलहन उत्पादन, उर्वरक भंडारण एवं कृषि यंत्र सुविधाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कृषकों से संवाद कर कृषि गतिविधियों की जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। संचालक कृषि श्री भार्गव ने विकासखंड सिवनी के ग्राम लखनवाड़ा में आत्मनिर्भर दलहन कार्यक्रम अंतर्गत कृषक श्री मुकेश बघेल के खेत में लगाए गए अरहर प्रदर्शन का निरीक्षण किया।

# स्कूली बच्चों ने किया पुलिस थाने का भ्रमण



**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा/जुन्नारदेव, 12 सितंबर, नगर के उड़ान पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं के लिए पुलिस स्टेशन, जुन्नारदेव का शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अध्ययन भ्रमण के माध्यम से विद्यार्थियों ने पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली को करीब से समझा और महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त कीं।**

इस दौरान विद्यार्थियों को पुलिस स्टेशन में होने वाले विभिन्न कार्यों, अधिकारियों एवं पदों की भूमिका, शिकायत एवं दस्तावेजी प्रक्रिया, रिकॉर्ड संधारण तथा थाने की कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही विद्यार्थियों को हवालात एवं पुलिस द्वारा सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने से संबंधित आवश्यक जानकारी भी प्रदान की गई। यह स्टडी विजिट विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक एवं अनुभवात्मक सीख से भरपूर रहा।


# नेशनल लोक अदालत का आयोजन, 78 विभिन्न प्रकरणों में हुआ समझौता

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा/जुन्नारदेव, 12 सितंबर, राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर से प्राप्त आदेशानुसार जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष सुशांत हुददार के निर्देशन में तथा राकेश सिंह के कुशल मार्गदर्शन में तहसील विधिक सेवा समिति जुन्नारदेव द्वारा महेंद्र मांगोदिया जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति जुन्नारदेव के नेतृत्व में 12 सितम्बर 2026 को महेंद्र मांगोदिया जिला न्यायाधीश अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति जुन्नारदेव द्वारा दीप प्रज्जवलित एवं मार्ल्यापण कर नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ किया।**



नेशनल लोक अदालत शुभारंभ कार्यक्रम में पूजा सिंह मौर्य प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड जुन्नारदेव, राहुल सोनी प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड जुन्नारदेव के प्रथम अतिरिक्त व्यवहार न्यायाधीश जुन्नारदेव, राजेन्द्र शर्मा अध्यक्ष अभिभाषक संघ जुन्नारदेव, इंद्रजीत धंडोरे, सचिव व अन्य अधिवक्तागण व खण्डपीठ सुलहकर्ता सदस्य, बैंक पैनल अधिवक्ता प्रशांत सोनी, तहसील न्यायालय जुन्नारदेव के समस्त कर्मचारीगण, तहसील विधिक सेवा समिति जुन्नारदेव के कर्मचारी सहित जुन्नारदेव अंतर्गत बैंकों के अधिकारीगण एवं नगर पालिका परिषद जुन्नारदेव, पुलिस विभाग, विद्युत विभाग के अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे। नेशनल लोक अदालत में जिला एवं अपर सत्र न्यायालय जुन्नारदेव के न्यायालयों ने क्रमशः प्रकरणों को निराकरण किया गया जिला न्यायाधीश महेन्द्र मांगोदिया व्दारा कुल 21 प्रकरणों का निराकरण किया गया जिसमें मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा के 2 प्रकरण व हिन्दू मेरिज के 07 प्रकरण ,01 विद्युत विभाग संबंधी प्रकरण तथा अन्य सिविल एवं आपराधिक 11 अन्य प्रकरणों का निराकरण किया गया। न्यायाधीश पूजा सिंह मौर्य द्वारा कुल 31 प्रकरणों का निराकरण किया गया जिसमें 25 दांडिक प्रकरण, 04 चैक अनादरण के प्रकरण तथा सिविल के कुल 02 प्रकरण का निराकरण किया गया। इसी प्रकार न्यायाधीश राहुल सोनी द्वारा कुल 26 प्रकरणों का निराकरण किया गया जिसमें 06 दांडिक प्रकरण, विविध दांडिक के 17 प्रकरण, 01 चैक अनादरण के प्रकरण तथा सिविल के कुल 02 का निराकरण किया गया।

## शिक्षक शरद कुमार शिववेदी काव्य कल्पतरु सम्मान से सम्मानित




**सिवनी नवभारत।** केवलारी क्षेत्र में जन्मे एवं वर्तमान में छिंदवाड़ा जिले के जुन्नारदेव विकासखंड स्थित शासकीय हाई स्कूल बरेलीपार में पदस्थ शिक्षक एवं साहित्यकार शरद कुमार शिववेदी को साहित्यिक क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए 'काव्य कल्पतरु सम्मान' से सम्मानित किया गया। इंकलाब पब्लिकेशन, ठाणे (महाराष्ट्र) से प्रकाशित पुस्तक 'काव्य कलश' में उनकी दो काव्य रचनाएं 'नारी की महिमा' एवं 'राम की महिमा' प्रकाशित हुई हैं। इस उपलब्धि पर प्रकाशक रमाकांत यादव एवं पुस्तक संपादक मनोज कुमार व्यास ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए सम्मानित किया। शिक्षक शिववेदी शिक्षा के साथ साहित्य के क्षेत्र में भी सक्रिय हैं। उनकी रचनाओं में मानवीय संवेदनाओं, सामाजिक सरोकारों, प्रकृति और जीवन-दर्शन की अभिव्यक्ति दिखाई देती है। शिववेदी ने इस उपलब्धि का विशेष श्रेय अपनी सुपुत्री मनुश्री शिववेदी को दिया। उनकी इस उपलब्धि पर शिक्षक साथियों, विद्यालय परिवार, परिजनों, सामाजिक संगठनों, पत्रकारों एवं क्षेत्रवासियों ने बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

# शासकीय भूमि पर पुन : अतिक्रमण और विवादित भूमि पर गणेश प्रतिमा स्थापना के प्रयास का विरोध

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा/तामिया, 12 सितंबर, शासकीय भूमि पर पुनः अतिक्रमण और विवादित भूमि पर गणेश प्रतिमा स्थापना के प्रयास का विरोध, ग्रामीणों ने थाना प्रभारी और तहसीलदार के नाम सौंपा ज्ञापन तामिया के झिरिया मोहल्ले में मुख्य मार्ग से 80 फीट की दूरी पर स्थित शासकीय भूमि जो विवादित पर अवैध कब्जे और प्रतिमा स्थापना के प्रयास को लेकर स्थानीय निवासियों में असंतोष व्याप्त है। क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने और संभावित कानून-व्यवस्था की स्थिति को नियंत्रित करने के लिए निवासियों व जनप्रतिनिधियों ने थाना प्रभारी और तहसीलदार को संयुक्त रूप से ज्ञापन सौंपकर पुलिस व प्रशासनिक कार्रवाई की मांग की है।**



ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि विवादित शासकीय भूमि पर पूर्व में कभी कोई मूर्ति या सार्वजनिक गणेश प्रतिमा स्थापित नहीं रही है। 23 जून 2026 की रात कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा जमीन पर अवैध रूप से चबूतरा बनाकर शिवलिंग स्थापित कर दिया था पुलिस और प्रशासन ने संज्ञान मे लेते हुए 27 जून 2026 को अवैध निर्माण को ध्वस्त कर भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया था और 5 व्यक्तियों के विरुद्ध शांतिभंग की धाराओं में बाउंड ओवर की कार्रवाई की थी। ग्रामीणों का आरोप है कि पूर्व कार्रवाई और बाउंड ओवर आदेश की अवहेलना करते हुए उन्हीं तत्वों द्वारा उसी स्थान पर पुनः गणेश प्रतिमा स्थापित करने का प्रयास किया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि धार्मिक भावनाओं की आड़ लेकर शासकीय भूमि पर कब्जा करने और क्षेत्र का सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की साजिश की जा रही है। यदि पुलिस व प्रशासन द्वारा इसे समय रहते नहीं रोका गया, तो क्षेत्र में तनाव और कानून-व्यवस्था की गंभीर स्थिति निर्मित हो सकती है।

# उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पांच गणेशोत्सव मंडलों को किया जाएगा सम्मानित

**छपारा नवभारत।** आगामी गणेशोत्सव पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से 12 सितंबर शनिवार को छपारा पुलिस थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक दोपहर 4 बजे से हुई, जिसमें नगर के सार्वजनिक गणेश मंडलों के पदाधिकारी, शांति समिति सदस्य एवं जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बैठक में नगर निरीक्षक खैमेंद्र कुमार जैतवार, नायब तहसीलदार रामसेवक कौल, नगर परिषद सीएमओ सुश्री गीता वाल्मिक एवं नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती निशा सुरेश पटेल सहित अन्य



अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने आगामी 14 सितंबर से प्रारंभ होने वाले गणेशोत्सव को लेकर व्यवस्थाओं की जानकारी ली। नगर निरीक्षक जैतवार ने गणेश पंडाल तैयार करते समय विशेष सावधानी बरतने तथा सुरक्षा व्यवस्था का ध्यान रखने की समझाइश दी। वहीं नगर की साफ-सफाई सहित आवश्यक व्यवस्थाओं पर भी चर्चा हुई। बैठक में सभी सार्वजनिक गणेश मंडलों ने बैनगंगा नदी के पुल घाट पर प्रतिमाओं के विसर्जन को लेकर सहमति जताई। वहीं विसर्जन के दौरान डीजे साउण्ड के सीमित वाल्यूम रखने को लेकर भी निर्देशित किया गया। नगर निरीक्षक ने बताया कि विगत वर्ष उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले तीन सार्वजनिक गणेश मंडलों को पुरस्कृत किया गया था। इस वर्ष उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पांच सार्वजनिक गणेश मंडलों को पुलिस थाना छपारा द्वारा पुरस्कृत कर सम्मानित किया जाएगा।

# नेशनल लोक अदालत में 57 बकायादारों ने जमा की कर की राशि



**छपारा नवभारत।** नगर परिषद छपारा द्वारा लंबित नल टैक्स, मकान टैक्स एवं शासकीय कॉम्प्लेक्स के कमरों की किराया राशि जमा कराने के लिए विशेष शिविर का आयोजन नेशनल लोक अदालत के दौरान किया गया। नगर के व्यवहार न्यायालय परिसर में आयोजित लोक अदालत में 57 बकायादारों ने पहुंचकर अपनी लंबित कर एवं किराया राशि जमा कराई। इस दौरान नगर परिषद द्वारा करीब साढ़े चार लाख रुपए की बकाया कर राशि की वसूली की गई। लोक अदालत का आयोजन सुबह 10-30 बजे से शाम 5 बजे तक किया गया, जिसमें नगर परिषद के अधिकारी-कर्मचारी एवं वार्ड प्रभारी मौजूद रहे।

इस अवसर पर नगर परिषद सीएमओ गीता वाल्मीकि, नगर परिषद अध्यक्ष निशा सुरेश पटेल एवं उपाध्यक्ष ठाकुर शिवकांत सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। नगर परिषद द्वारा बकायादारों से समय पर कर जमा करने की अपील की गई।

## कार्यवाही

### केरल की अंतर्राज्यीय लुटेरी गैंग के 03 शातिर आरोपी त्रिशूर से गिरफ्तार, 150 सीसीटीव्ही फुटेज खंगाले

# लखनादौन क्षेत्र में एनएच-44 पर हुई 05 लाख की लूट का खुलासा

**सिवनी नवभारत। एनएच-44 पर कार को घेरकर पांच लाख रुपए लूटने के मामले में लखनादौन पुलिस ने केरल की अंतरराज्यीय लुटेरी गैंग के तीन आरोपियों को त्रिशूर से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने करीब 150 सीसीटीवी फुटेज खंगालकर आरोपियों की पहचान की। गिरफ्तार आरोपियों में प्रवीण प्रकाशन, जिजो के.जे. और अरुण पी.सी. शामिल हैं। वारदात का मास्टरमाइंड सलीश के.वी. समेत अन्य आरोपी अभी फरार हैं।**



31 अगस्त की रात करीब 11-58 बजे जबलपुर से मुंबई जा रही क्रेटा कार को मड़ई टोल पार करने के बाद इनोवा कार ने आगे लगाकर रोक लिया। इसके बाद आरोपियों ने लोहे के पाइप से कार के चारों तरफ के शीशे तोड़ दिए। चालक ने बचने के लिए कार पीछे मोड़ी तो आगे खड़ी पीले नंबर प्लेट वाली वैगनआर ने क्रेटा को टक्कर मार दी। इसके बाद सगताराम और जेठाराम डरकर कार से उतरकर भाग गए। कुछ देर बाद लौटे तो कार में रखा पांच लाख रुपए का बैग गायब था।

### तीनों पर पहले से दर्ज हैं कई मामले

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अरुण पी.सी. के खिलाफ कोडकारा और अलूर थानों में मारपीट, हथियार अधिनियम सहित आठ मामले दर्ज हैं। प्रवीण प्रकाशन के खिलाफ कोडकारा और चलाकुडी थानों में चार मामले दर्ज हैं। जिजो के.जे. के खिलाफ अलूर थाने में भी चार मामले दर्ज हैं। पुलिस अब गैंग के मास्टरमाइंड सलीश के.वी. और उसके अन्य साथियों तक पहुंचने में जुटी है।

लूट की पांच लाख रुपए की रकम अभी बरामद नहीं हुई है। वारदात में इस्तेमाल इनोवा क्रमांक एमएच 04 सीजे 8534 और वैगनआर क्रमांक केएल 64 एन 9241 की भी तलाश की जा रही है। मामले में फरार आरोपियों की तलाश जारी है।

इस कार्यवाही में एसडीओपी लखनादौन अपूर्व भलावी, उप पुलिस अधीक्षक के.पी. धुर्वे (थाना प्रभारी लखनादौन), उनि आशीष धुर्वे (थाना प्रभारी आदेगांव), उनि सुक्कुलाल उइके (थाना छपारा), सउनि देवेन्द्र जायसवाल (सायबर सेल), सउनि प्रदीप कुमार शर्मा (थाना लखनादौन), प्र.आर. अरुण पटेल (थाना धूमा), प्र.आर. अजय बघेल (सायबर सेल), प्र.आर. दीपेश मेहरा (थाना लखनादौन), आर. लखनलाल उइके (थाना लखनादौन), आर. धनेश्वर यादव (थाना धूमा), आर. रामनरेश कैथवास (थाना छपारा), आर. अमित रघुवंशी (थाना लखनवाड़ा), आर. रवि यादव (अजाक), आर. लकेश पटले (थाना लखनादौन), प्रधान आरक्षक अमर उइके (आदेगांव), संतोष साहू (थाना कोतवाली) भारतीय, जितेश ठाकुर, रजनी धुर्वे, नितेश बट्टी (सीसीटीवी कंट्रोल रूम सिवनी) की सराहनीय भूमिका रही।

### 150 सीसीटीवी फुटेज से पहुंची पुलिस केरल

घटना की रिपोर्ट 4 सितंबर को लखनादौन थाने में दर्ज होने के बाद पुलिस ने जांच शुरू की। पुलिस टीम ने वारदात के दौरान आरोपियों की गतिविधियों और वाहनों के आवागमन से जुड़े करीब 150 सीसीटीवी फुटेज खंगाले। सुराग मिलने के बाद विशेष टीम केरल भेजी गई। टीम ने त्रिशूर जिले में दबिश देकर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया और ट्रांजिट रिमांड पर लखनादौन लेकर आई। पूछताछ में आरोपियों ने अन्य साथियों के साथ मिलकर वारदात करना स्वीकार किया।

# धनौरा के ग्रामों में निकली साक्षरता रैलियाँ, पखवाड़े के अंतर्गत हुए कार्यक्रम

**धनौरा नवभारत।** अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर जिला शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा संचालित उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत विकासखंड धनौरा के विभिन्न ग्रामों में साक्षरता पखवाड़े के दौरान व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम का आयोजन जिला जिला परियोजना समन्वयक कृष्ण कुमार डहेरिया के निर्देशन, जिला सह समन्वयक रेवेंद्र ठाकुर तथा बीआरसी जीयनलाल सनोडिया के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के अंतर्गत विकासखंड के सामाजिक चेतना केंद्रों एवं अध्ययन केंद्रों में साक्षरता रैलियाँ, साक्षरता शपथ, प्रभात फेरी, नुक्कड़ नाटक, सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ एवं जनजागरूकता गतिविधियाँ आयोजित की गईं। विद्यालयों के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, अक्षर साथियों, स्वयंसेवकों एवं ग्रामीण नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर शिक्षा के महत्व का संदेश जन-जन तक पहुँचाया। विकासखंड सह समन्वयक श्री विजय उपाध्याय द्वारा बताया गया कि वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार चिन्हित लक्षित असाक्षर नागरिकों को साक्षर बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।


## कार्यालय वनमंडलाधिकारी, पांढुर्णा वनमंडल सा.

वनमंडलाधिकारी पांढुर्णा वनमंडल सा. अंतर्गत म.प्र. भंडार क्रय नियम एवं सेवा उपार्जन नियम 2015 (यथा संशोधित-2022) के अंतर्गत कार्यालय में लगने वाली टाईल्स, पत्थर एवं अन्य सामग्री (निविदा में दर्शित सूची अनुसार) क्रय हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।
निविदा दस्तावेज से संबंधित सभी विवरण ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर निः शुल्क देखे और डाउनलोड किए जा सकते है। निविदा सामग्री की सूची निविदा दस्तावेज में देखी जा सकती है।
इच्छुक निविदाकार क्रेडिट / डेबिट/कैशकार्ड / इंटरनेट बैंकिग के माध्यम से पोर्टल शुल्क का ऑनलाईन भुगतान करने के बाद निविदा दस्तावेज को ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर (दिनांक) 16.09.2026 बजे 12:00 से (दिनांक) 07.10.2026 को 6-00 बजे तक केवल ऑनलाइन खरीद सकते है।
ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर महत्वपूर्ण तिथियों के रूप में उल्लेखित निविदा प्रक्रिया तिथियां लागू होंगी।
निविदा पूर्व बैठक दिनांक 24.09.2026 समय 03:00 को कार्यालय पांढुर्णा सामान्य वनमंडल, जिला पांढुर्णा में आयोजित की जाएगी जिसमें इच्छुक निविदाकार या उनके अधिकृत प्रतिनिधि स्वयं भाग ले सकते हैं। निविदा पूर्व बैठक में केवल वे ही भाग लेने के हकदार होगें जिन्होंने ई-टेंडर फॉर्म खरीदे है।
*ई-निविदा आमंत्रण सूचना में* शुद्धिपत्र/परिशिष्ट, यदि कोई हो केवल पोर्टल पर प्रकाशित किया जाएगा, समाचार पत्रों में नहीं।
कार्यालय द्वारा आवश्यकतानुसार क्रय आदेश में उल्लेखित स्थान पर स्वीकृत दर से सामग्री उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी सफल निविदाकार की होगी। लोडिंग/अनलोडिंग/परिवहन एवं अन्य व्यय निविदाकार का होगा। कार्यालय द्वारा कोई भी अतिरिक्त व्यय वहन नही किया जायेगा।
ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल -https://www.mptenders.gov.in

Digitally signed by SACHIN HANAMAPPA NADAGADDI Date: 2026.09.08 18:20:37 +05'30'

G-18450/26 **वनमंडलाधिकारी पांढुर्णा वनमंडल सा.**